'स्वास्थ और आयुर्वेद' विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला

दिनांक : 28-8-2023

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में उमंग- हैल्थ एंड हैप्पीनेस क्लब और समाजशास्त्र विभाग के तत्वाधान में 'स्वास्थ और आयुर्वेद' विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में आयुर्वेदाचार्य डॉ.रविंदर कौशिक ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित करते हुए आयुर्वेद, वर्तमान खानपान और स्वास्थ पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद विशेषकर जीवन को संतुलित करने का विज्ञान है। वहीं मर्म विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र यादव ने स्वास्थ-संबंधी समस्याओं को दूर करने में एक्यूपंक्चर पद्धति की महत्ता पर सारगर्भित प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. रीता सचान ने दोनों विषय विशेषज्ञों को तुलसी एवं पुष्प के पौधों से स्वागत किया, और अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में स्वास्थ के प्रति जागरूकता जीवन जीने की प्राथमिक शर्त है। स्वास्थ्य संबंधी ऐसे आयोजन हमें ऊर्जा से

युक्त कार्य हैं। कार्यशाला में डॉ. मनुहार आर्य, डॉ. आदर्श चौधरी, डॉ. जया कांडपाल, डॉ. अतीश वर्मा, डॉ. अतुल उप्रेती, डॉ. प्राची फर्त्याल, डॉ. खेमकरण 'सोमन', डॉ. संगीता, डॉ. वंदना, डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. संजय सिंह बिष्ट, डॉ. पूजा, डॉ. विकास रंजन, डॉ. जय सिंह और श्री सतेंद्र यादव उपस्थित थे।